डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

# दिल्ली पुस्तक मेले में भी उपलब्ध होंगी साहित्य अकादेमी की पुस्तकें

**26वाँ दिल्ली पुस्तक मेला–30,31 अक्तूबर 2020**

नई दिल्ली। 29 अक्तूबर 2020; साहित्य अकादेमी कल से आरंभ हो रहे 26वें दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रही है। द फैडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स द्वारा आयोजित यह मेला प्रतिवर्ष इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑगनाइजेशन के सहयोग से प्रगति मैदान में आयोजित किया जाता था लेकिन कोरोना महामारी के चलते यह मेला इस बार आभासी मंच पर (30–31 अक्तूबर 2020) आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में लगभग 100 प्रकाशकों की 5000 से अधिक पुस्तकें विशेष छूट के साथ बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

अन्य जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि अकादेमी विभिन्न भारतीय भाषाओं के 37 शीर्षक एवं अपनी हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत पत्रिकाओं को बिक्री के लिए उपलब्ध करा रही है। हिंदी में भीष्म साहनी द्वारा संपादित हिंदी कहानी–संग्रह, शिवपूजन सहाय रचना–संचयन, हिंदी दलित साहित्य, गालिब : अर्थवत्ता, रचनात्मकता एवं शून्यता (ले. गोपीचंद नारंग) तथा गोरा (ले. रवींद्रनाथ टैगोर) का हिंदी अनुवाद, अंग्रेजी में पर्व (एस.एल. भैरप्पा), मॉर्डन इंडियन ड्रामा, इंडियन शॉर्ट स्टोरी एवं मनोजदास की पुस्तकें, पंजाबी में एम.एस. रंधावा एवं देवेंद्र सत्यार्थी द्वारा संपादित पंजाबी लोकगीत, उर्दू में मौलाना अब्दुल कलाम के पत्र सहित कई अन्य महत्त्वपूर्ण पुस्तकें इस मंच पर उपलब्ध होंगी। पुस्तकों के ऑनलाइन ऑर्डर दिए जा सकेंगे जिन्हें बाद में डाक द्वारा पाठकों को भेजा जाएगा।

इस अवसर पर साहित्य अकादेमी द्वारा आभासी मंच पर हिंदी कवि सम्मिलन कल सायं 7.00 से 8.00 तक तथा 31 अक्तूबर 2020 को सायं 5.00 बजे से 5.45 तक बहुभाषी हिंदी कवि सम्मिलन का आयोजन भी किया जा रहा है।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in